
## Table of Contents

(Introduction of Photoshop) फोटोशॉप का परिचय ..... 2
**Main Window of Photoshop। फोटोशॉप की मुख्य विंडो** ..... 2
Title Bar (टाइटल बार) : ..... 2
Menu Bar (मेनू बार) : ..... 3
Tool Options Bar (टूल आप्शनस बार) : ..... 3
Toolbox (टूलबॉक्स) : ..... 3
Palettes (पैलेट) : ..... 3
Selection Tools (सिलेक्शन टूल) : ..... 3
Painting Tools ( पेंटिंग टूल) : ..... 3
Viewing Tools ( व्यइंग टूल ) : ..... 4
Using Photoshop Tools ..... 4
फोटोशॉप में फाइल खोलना (Opening a File) ..... 14
फोटोशॉप में मार्की टूल (Marquee Tools Use) ..... 15
How to Work With Lasso Tool in Photoshop ..... 15
Description of File Menu ..... 17
Description of Edit Menu ..... 18
Description of Image Menu ..... 20
Description of Layer Menu ..... 22
Description of Select Menu ..... 25
Description of Filter Menu ..... 26
Description of View Menu ..... 27
Description of Window Menu ..... 28

## (Introduction of Photoshop) फोटोशॉप का परिचय

फोटोशॉप चित्रों पर कई प्रकार की क्रियायें करके उनको मनचाहे रूप में बदलने वाला एक विशेष Software है जिसको Adobe नाम की कंपनी ने बनाया है इसके कई Versions बाजार में आ चुके है जैसे- Adobe Photoshop 7.0, CS, CS2, CS3, CS4, CS5, CS6, और इसका नया संस्करण बाजार में आया है वो है Adobe Photoshop CC जो धीरे धीरे अन्य सभी संस्करणो का स्थान लेता जा रहा है ।

# Main Window of Photoshop। फोटोशॉप की मुख्य विंडो




फोटोशॉप की मुख्य विंडो में आपको इसके विभिन्न भाग
दिखाई देंगे इस विंडो के सभी मुख्य भागों का परिचय निम्न प्रकार है-

## Title Bar (टाइटल बार) :

फोटोशॉप विंडो में सबसे ऊपर टाइटल बार होता है । इसमें प्रोग्राम का नाम और यदि फोटोशॉप की कोई फाइल खुली हो तो उसका भी नाम दिखाया जाता है । इस बार
के दाएँ किनारे पर तीन छोटे बटन बने होते है : न्यूनतम, अधिकतम/रिस्टोर तथा बंद, जिनसे इस विंडो के आकार को कण्ट्रोल किया जाता है ।

## Menu Bar (मेनू बार) :

टाइटल बार से ठीक निचे मेनूबार होता है जिसमें फोटोशॉप के विभिन्न मेन्युओं के नाम दिए जाते है । किसी मेनू के नाम को क्लिक करने पर वह मेनू निचे की और खुल जाता है, जिसमे कई कमांड दिए होते है । किसी कमांड को क्लिक करने पर वह कमांड सक्रीय हो जाता है । यदि मेन्यु खुला हुआ है तो दाएँ-बाएँ तीर का बटन दबाने पर उससे दायीं और का और बायी और का मेन्यु खुल जाता है ।

## Tool Options Bar (टूल आप्शनस बार) :

मेनू बार से निचे टूल आप्शन बार होता है जिसमे किसी समय चुने हुए अथवा सक्रिय टूल के बारे में विभिन्न विकल्प दिए जाते है । आप इन विकल्पों में इच्छानुसार सेटिंग करके उस टूल का अच्छे से अच्छा उपयोग कर सकते हैं । जैसे ही आप टूल बदलते हैं, इस बार का रूप भी बदल जाता है ।

## Toolbox (टूलबॉक्स) :

यह फोटोशॉप का प्रमुख टूल पैकेट होता है जिसमें फोटोशॉप में उपलब्ध सभी कार्यों और सुविधाओं के लिए टूल उपलब्ध होते है । किसी भी समय इनमे से एक टूल चुना हुआ होता है । टूल बॉक्स के टूलों के बारे में इस Learn Computer in Hindi के Photoshop Tutorial में आगे विस्तार से पढेंगे ?

## Palettes (पैलेट) :

फोटोशॉप में आपके कार्य को अच्छी तरह करने में सहायता पहुचाने के लिए कई पैलेट उपलब्ध होते है इसमें कुछ निम्न है-

Toolbox टूलबॉक्स, Navigator नेविगेटर, कलर Color, Styles स्टाइल्स, History हिस्ट्री, Layers लेयर, Paths पाथ

## Selection Tools (सिलेक्शन टूल) :

इस समूह के टूलों का उपयोग किस चित्र को पूरा अथवा उसके किसी भाग को चुनने में किया जाता है । किसी चित्र का चुना हुआ भाग जगमगाती हुई सीमा से दिखाया जाता है । आप किसी सिलेक्शन टूल को क्लिक करके माउस पॉइंटर को चित्र के ऊपर माउस बटन दबाकर खींचते है तो टूल के अनुसार चित्र का निर्धारित आकार का भाग चुन लिया जाता है । इस समूह के मैजिक वेंड टूल से आप रंग के अनुसार चित्र के भाग चुन सकते है ।

## Painting Tools ( पेंटिंग टूल) :

इस समूह के टूल चित्र में रंग भरने के लिए उपयोग किये जाते है । इसमें कई प्रकार के ब्रश , पेंसिल, इरेज़र आदि होते है , जिनकी सहायता से आप ठीक उसी प्रकार रंग भर सकते है , जिस प्रकार वास्तविक रंगों के साथ किया जाता है । इसके ग्रेडीएंट टूल द्वारा आप बैकग्राउंड को एक या अधिक रंगों की छाया में तैयार कर सकते है


### Type and Path Tools ( टाइप तथा पाथ टूल) :

इस समूह के टूलों द्वारा आप रेखाचित्र और आक्रतियाँ बना सकते हैं । किसी रेखा को फोटोशॉप में पाथ कहा जाता है । आप किसी पाथ के किसी भी भाग को चुनकर उसे मनचाहा रूप में बदल सकते है । पाथ टूलों का उपयोग चुनने और बनाने दोनों कार्यो में किया जा सकता है ।



## Viewing Tools ( व्यइंग टूल ) :





इस समूह में दो मुख्य टूल हैं : ज़ूम टूल और हैण्ड टूल ज़ूम टूल के द्वारा आप अपने चित्र को इच्छानुसार छोटा या बड़ा करके देख सकते है और हैण्ड टूल के द्वारा आप चित्र को किसी भी दिशा में सरकाकर उसमे छिपे हुए Layer को देख सकते है , क्योंकि स्क्रीन का आकार छोटा होने के कारन कभी कभी वह चित्र पूरा नहीं दिखती है।





## Using Photoshop Tools










READ PHOTO






| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Rectangular Marqee tool (M)**<br> | इसका प्रयोग पिक्चर को आयताकार भाग में (लम्बाई, चौड़ाई) में सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते है।<br>**Note निचे दिए गए आप्शन आपको कई सिलेक्शन टूल में देखने को मिलेंगे जिसका काम निचे लिखा हुआ है-**<br><br>• New selection हर बार नए जगह को सेलेक्ट करेगा और पुराना वाला सिलेक्शन अपने आप हट जायेगा।<br>• Add Selection इसके मदद से हम कई जगह सिलेक्शन बना सकते सकते है यह एक सिलेक्शन को ऐड कर लेता है।<br>• Subtract Selection इसके मदद से सेलेक्ट किये हुए हिस्से में से सिलेक्शन को घटाने के लिए प्रयोग करते है।<br>• Intersect Selection इससे सेलेक्ट किये हुए हिस्से पर जब हम ड्रा करते है तब जितना हम सिलेक्शन बनाते है उतना सिलेक्शन छोड़कर बाकी सिलेक्शन हट जाता है। |
| 2. | **Elliptical Marqee tool (M)**<br> | इसका प्रयोग पिक्चर को वृत्ताकार या अंडाकार में सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग किया जाता है। |
| 3. | **Single row tool (M)**<br> | प्रयोग सिंगल रो को सिलेक्ट करने के लिए किया जाता है |
| 4. | **Single Column Tool (M)**<br> | Single column tool का प्रयोग सिंगल कॉलम को सिलेक्ट करने के लिए किया जाता है। |




| | | |
|---|---|---|
| **5.** | **Move Tool (V)**  | किसी भी पिक्चर की लेयर या पिक्चर को एक जगह से दूसरे जगह Move करने और दूसरे किसी पिक्चर में स्थान्तरण करने  के लिए प्रयोग किया जाता है \| |
| **6.** | **Magic wand Tool (W)**  | इस टूल के प्रयोग से पिक्चर में किसी भी सिंगल रंग को पिक्सेल के अनुसार एक क्लिक में सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते है। इसके टॉलरेंस के अनुसार मिलता जुलता रंग भी सेलेक्ट कर सकते है। |
| **7.** | **Crop Tool (C)**  | इसका प्रयोग किसी भी पिक्चर को काटने के लिए प्रयोग करते है। जितना हिस्सा सेलेक्ट रहता है उतना ही रह जाता है बाकि मिट जाता है और यह पूर्ण स्क्रीन में दिखने लगता है |
| **8.** | **Lasso Tool (L)**  | इस टूल का प्रयोग इमेज को कट करने के लिए किया जाता है परंतु यह टूल इमेज को सही तरीके से कट नहीं कर पाता है। इसका प्रयोग माउस एक्सपर्ट ही अच्छे से कर सकते है। |
| **9.** | **Polygonal Tool (L)**  | इस टूल का प्रयोग भी इमेज को कट करने के लिए किया जाता है परंतु यह टूल पिक्चर के कार्नर को कर्व (गोलाकार) में नहीं काट पता है। |
| **10.** | **Magnetic Tool (L)** | इस मैग्नेटिक टूल से आप किसी भी |





| | | |
|---|---|---|
| |  | पिक्चर को सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते है जिसमे आप किसी भी पिक्चर के साइड से माउस को घुमाने पर वह पिक्चर सेलेक्ट हो जाता है। गलत सेलेक्ट होने पर बैकस्पेस दबाने पर एक स्टेप सिलेक्शन पीछे हो जाता है। |
| **11.** | **Slice Tool / Slice Select (K)**   | इस टूल का प्रयोग साधारण तथा वेब पेज में किया जाता है। जिसमें एक इमेज के अलग-अलग हिस्से को क्लिक करने पर अलग-अलग काम किये जा सकते। लेकिन यह एक ही पिक्चर की तरह ही दिखती है। स्लाइस सेलेक्ट के मदद से लगाये गए स्लाइस को सेलेक्ट करके डिलीट कर सकते है। |
| **12.** | **Healing Brush Tool (J)**  | इस टूल से आप किसी भी पिक्चर के किसी भी हिस्से को ऑल्ट बटन से सेलेक्ट करने के बाद कही भी लगा सकते है। इसमें पिक्चर ऑटोमैटिक बैकग्राउंड मैश (मिश्रण) कर लेता है। |
| **13.** | **Patch Tool (J)**  | इस टूल का प्रयोग किसी भी पिक्चर में दाग धब्बा को मिटाने के लिए  प्रयोग करते है। |
| **14.** | **Clone Stamp Tool (S)**  | इस टूल का प्रयोग भी हीलिंग ब्रश टूल की तरह होता है इसमें आप किसी भी पिक्चर को कही और प्रयोग करने के लिए प्रयोग |



| | | |
|---|---|---|
| | | कर सकते है। लेकिन इसमें बैकग्राउंड मैश (मिश्रण) नहीं होता है। इसके लिए भी ऑल्ट बटन प्रयोग किया जाता है |
| **15.** | **Pattern Stamp Tool (S)**  | इसका प्रयोग इमेज के अनचाहे भाग पर किसी पैटर्न का प्रयोग करने के लिए किया जाता है प्रयोग किए जाने वाले पैटर्न को पैटर्न लाइब्रेरी से सिलेक्ट किया जा सकता है और अपना नया पैटर्न भी बनाया जा सकता है। |
| **16.** | **Eraser Tool (E)**  | इस टूल का प्रयोग इमेज के किसी लेयर के भाग को मिटाने के लिए किया जाता है। इससे मिटाने पर पिक्चर मिट कर बैकग्राउंड कलर दिखने लगेगी। |
| **17.** | **Background Eraser Tool (E)**  | इससे पिक्चर का कोई भी हिस्सा मिटाकर ट्रांसपररेंट बनाने के लिए प्रयोग करते है। इस टूल का इस्तेमाल करने के बाद **Eraser Tool** इस्तेमाल करने पर वो भी ट्रांसपेरेंट में मिटाने लगेगा। |
| **18.** | **Magic Eraser Tool (E)**  | इस टूल का प्रयोग पिक्चर के किसी एक रंग के पिक्सेल को एक क्लिक में मिटाने के लिए प्रयोग करते है। जो की ट्रांसपैरेंट देता है। |
| **19.** | **Blur Tool (R)**  | इस tool का प्रयोग इमेज को blur (धुंधला) करने के लिए किया जाता है। |


| | | |
|---|---|---|
| **20.** | **Sharpen Tool (R)**  | इस टूल का प्रयोग इमेज को शार्प करने के लिए किया जाता है। |
| **21.** | **Smudge Tool (R)**  | इस tool का प्रयोग किसी भी पिक्चर को फ़ैलाने के लिए प्रयोग किया जाता है तथा इसका प्रयोग डिजिटल पेंटिंग इफ़ेक्ट के लिए भी कर सकते है। |
| **22.** | **Dodge Tool (O)**  | इस tool का प्रयोग पिक्चर के किसी भी भाग के रंग को हल्का करने प्रयोग करते है। और लाइट बढ़ाने के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। |
| **23.** | **Burn Tool (O)**  | इसका प्रयोग पिक्चर के किसी भी भाग को उसी रंग से डार्क करने के लिए प्रयोग करते है। |
| **24.** | **Sponge Tool (O)**  | इस टूल का प्रयोग इमेज के किसी भाग पर कलर saturation को बढ़ाने या कम करने के लिए किया जाता है। |
| **25.** | **Brush Tool (B)**  | इस टूल का प्रयोग पिक्चर में किसी भी हिस्से को अलग-अलग रंग को भरने के लिए प्रयोग करते है और आप इसमें ब्रश को बदला जा सकता साथ ही कोई भी ब्रश जोड़ भी सकते है। |

| | | |
|---|---|---|
| **26.** | **Pencil Tool (B)**  | इस टूल का प्रयोग फोटोशॉप में किसी भी प्रकार की लाइन  को ड्रा करने के लिए प्रयोग किया जाता है। |
| **27.** | **History Brush (Y)**  | इस टूल का प्रयोग पिक्चर पर कार्य करते समय इमेज में किए गए परिवर्तन को इमेज के किसी विशेष भाग से हटाने के लिए किया जाता है। |
| **28.** | **Art History Brush (Y)**  | यह टूल हिस्ट्री ब्रश टूल की तरह ही कार्य करता है दोनों में अंतर इतना है कि आर्ट हिस्ट्री ब्रश टूल में विभिन्न ब्रश ऑप्शन होते हैं जिनसे अलग अलग इफेक्ट डाले जा सकते हैं। और हिस्ट्री ब्रश इसको मिटाता है। |
| **29.** | **Gradient Tool (G)**  | इस टूल का प्रयोग पिक्चर में बैकग्राउंड में मल्टीकलर ग्रेडिएंट (कई रंग) रंग भरने के लिए प्रयोग करते है। |
| **30.** | **Paint Bucket Tool (G)**  | इस टूल का प्रयोग पिक्चर में सिंगल रंग भरने के लिए प्रयोग करते है। |
| **31.** | **Path Selection Tool (A)**  | कस्टम शेप या शेप के मदद से ड्रा किये गए शेप को सेलेक्ट करके मूव करने के लिए प्रयोग करते है। |

| | | |
|---|---|---|
| **32.** | **Direct Selection Tool (A)**  | कस्टम शेप या शेप के मदद से ड्रा किये गए शेप के लाइन को कस्टमाइज करने के लिए प्रयोग करते है, जैसे कोरलड्रा में शेप टूल काम करते है वैसे ही इसमें भी हम डायरेक्ट सिलेक्शन टूल के मदद से कर सकते है। |
| **33.** | **Pen Tool (P)**  | इस tool का प्रयोग फोटोशॉप में कोई आकृति बनाने अथवा किसी भी पिक्चर को काटने के लिए प्रयोग करते है। यह फोटो बैकग्राउंड काटने के लिए सबसे बेस्ट टूल है ऊपर दिए हुए लासो, पोलीगोनल, मैग्नेटिक टूल से राउंडेड (Corner) नहीं कट सकता परन्तु पेन टूल से आप अच्छे तरह से काट सकते है। इससे रिलेटेड आप्शन आपको प्रोपर्टी बार में मिल जायेगा |
| **34.** | **Horizontal Type Tool (T)**  | इस टूल का प्रयोग टेक्स्ट टाइप करने के लिए किया जाता है। यह बाई डिफ़ॉल्ट बाएं (Left) से दाएं (Right) तरफ टाइप होता है। |
| **35.** | **Vertical Type Tool (T)**  | इस टूल का प्रयोग भी टेक्स्ट को लिखने के लिए करते है। लेकिन यह Vertical (ऊपर से नीचे की ओर) टाइप होता है। |
| **36.** | **Vertical Mask Tool (T)**  | इस टूल का प्रयोग भी वर्टिकल टेक्स्ट टाइप करने के लिए किया जाता है परंतु, (यह टाइप के दौरान बैकग्राउंड को सेलेक्ट करता है।) टाइप किया हुआ टेक्स्ट बैकग्राउंड को अपने आउटलाइन से सेलेक्ट कर लेता है। |

| | | |
|---|---|---|
| **37.** | **Horizontal Mask Tool (T)**<br> | इस टूल का प्रयोग भी हॉरिजॉन्टल टेक्स्ट टाइप करने के लिए किया जाता है परंतु, (यह टाइप के दौरान बैकग्राउंड को सेलेक्ट करता है।) टाइप किया हुआ टेक्स्ट बैकग्राउंड को अपने आउटलाइन से सेलेक्ट कर लेता है। |
| **38.** | **Custom Shape Tool**<br> | इस टूल का प्रयोग इमेज पर विभिन्न प्रकार की आकृति बनाने के लिए किया जाता है। यह कस्टम शेप का ऑप्शन पेन टूल में टूल ऑप्शन बार में भी मिल जाएगा। इसमें  अपने इच्छा अनुसार रंग भी भर सकते है। |
| **39.** | **Rectangle Tool**<br> | इस टूल का प्रयोग पिक्चर पर आयताकार Shape (आकृति) बनाने  के लिए किया जाता है। |
| **40.** | **Rounded Rectangle Tool**<br> | इस टूल का प्रयोग भी आयताकार Shape (आकृति)  के लिए किया जाता है। लेकिन इसकी कार्नर राउंडेड (पूरी तरह से न तो गोल न ही चौकोर) होती है। |
| **41.** | **Ellipse Tool**<br> | इस टूल का प्रयोग पिक्चर पर गोल (वृत्त) Shape (आकृति) बनाने के लिए किया जाता है। |
| **42.** | **Polygonal Tool**<br> | इस टूल का प्रयोग पिक्चर पर बहुभुज आकृति बनाने के लिए किया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| 43. | **Line Tool**  | इस टूल का प्रयोग किसी भी सेलेक्ट किए हुए रंग की रेखा (Line) बनाने के लिए किया जाता है। रेखा (Line) की मोटाई (Weight) टूल ऑप्शन बार में जाकर बदला जा सकता है। |
| 44. | **Notes Tool**  | इस tool का प्रयोग पिक्चर के किसी भी हिस्से में नोट्स लिखने के लिए प्रयोग करते है। (ताकि आपको याद रह सके कि इस पिक्चर में कहाँ कौन-सा इफ़ेक्ट देना है या इस हिस्से में क्या करना है।) इस टूल का प्रयोग एक से अधिक बार किया जा सकता है। नोट लिखने के बाद |
| 45. | **Audio Annotation Tool**  | इस टूल का प्रयोग पिक्चर के किसी भी हिस्से पर नोट के रूप में ऑडियो रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है। इसके प्रयोग के लिए आपके कंप्यूटर में स्पीकर और माइक्रोफोन होना आवश्यक है।<br>आप माइक्रोफोन से इनपुट देकर ऑडियो को रिकॉर्ड कर सकते है। और स्पीकर से आउटपुट लेकर सुन सकते है। |
| 46. | **Eyedropper Tool**  | इस टूल के प्रयोग से पिक्चर के किसी भी भाग के रंग (Color) को सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते है। **नोट (सेलेक्ट किया हुआ रंग हमेशा फोरग्राउंड कलर में सेट होता है।)** |

| | | |
|---|---|---|
| **47.** | **Hand Tool**  | इस टूल का प्रयोग पिक्चर को खिसकाने के लिए होता है। (आप किसी भी टूल लेने के बावजूद स्पेस बटन दबाकर माउस से पिक्चर को मूव कर सकते है।) |
| **48.** | **Zoom Tool**  | पिक्चर को (ज़ूम) बड़ा करने के लिए प्रयोग करते है। सेलेक्ट करके और क्लिक करके दोनों तरह से ज़ूम कर सकते है। |

## सिलेक्शन टूलों का उपयोग (Using Selection Tools)

किसी दस्तावेज़ में कोई कार्य करते समय या कोई कमांड देने से पहले हमे वह वस्तु, चित्र, पाठ्य या उसका कोई भाग चुनना पड़ता है जिस पर वह कार्य किया जाएगा। फोटोशॉप में कार्य करते समय वह बात कहीं अधिक महत्वपूर्ण है और कोई कार्य करने से पहले चित्र का वह भाग ठीक-ठीक चुनना आवश्यक है जिस पर आप वह कार्य करना चाहते हैं। गलत selection के कारन कार्य का परिणाम भी गलत होगा।

फोटोशॉप में selection के लिए कई तरीका अथवा टूल उपलब्ध हैं, ताकि आप केवल इच्छित भाग का ही पूरी तरह सही selection कर सकें। कोई भी कमांड केवल चुने हुए भाग पर लागु होता हैं अथार्थ आप कैनवास के केवल चुने हुए भाग को ही एडिट कर सकते हैं। वही सक्रिय भाग होता है। यदि आप ऐसा कमांड देना चाहते है जो किसी अन्य भाग पर लागु हो या पुरे कैनवास पर लागु हो तो या तो आपको नया selection कर लेना चाहीए या फिर selection टूल से किसी खाली स्थान पर क्लिक करके अथवा कण्ट्रोल के साथ D (Ctrl+D) दबाकर selection को हटा देना चाहिये।

### फोटोशॉप में मुख्यत: तीन सिलेक्शन टूल उपलब्ध हैं :

मारकी टूल (Marquee Tools), लासो टूल (Lasso Tools) और मैजिक वेन्ड (Magic Wand)। in टूलों की सहायता से आप पुरे चित्र से लेकर एक अकेले पिक्सल तक का selection कर सकते हैं। इनके अतिरिक्त तीन अन्य सिलेक्शन टूल उपलब्ध हैं : मूव टूल (Move Tool), क्रॉप टूल (Crop Tool) नीचें दिए गए चित्र में सभी सिलेक्शन टूल और उनके पॉप-अप मेनू दिखाए गए हैं।

## फोटोशॉप में फाइल खोलना (Opening a File)

Photoshop में आप एक साथ कितनी भी चित्र फाइलों को खोल सकते है , यदि आपके कंप्यूटर की RAM का आकार उन्हें सँभालने के लिए पर्याप्त हो। यदि फाइल का फॉर्मेट .psd अर्थात फोटोशॉप का अपना फॉर्मेट है तो आप उसके आइकॉन को डबल –क्लिक करके ही फाइल को खोल सकते है। ऐसा

करते ही फोटोशॉप शुरु हो जायेगा और वह फाइल खुल जाएगी। किसी अन्य फॉर्मेट की फाइल को फोटोशॉप में खोलने के लिए निम्न कार्य कीजीए-


1. File मेनू में Open.... कमांड पर क्लिक कीजिये या फिर कण्ट्रोल के साथ O (Ctrl+O) बटन दबाएँ। इससे आपकी स्क्रीन पर निचे दिए गए चित्र की तरह 'Open' का डायलॉग बॉक्स खुल जायेगा।

2. इसके Look in ड्राप-डाउन लिस्ट बॉक्स में उस ड्राइव और फोल्डर का नाम चुनिए जिसमे वह फाइल है जिसको आप फोटोशॉप में खोलना चाहते हैं। इससे उस फोल्डर में उपलब्ध ऐसी चित्रफाइलों के नाम बिच के खाली भाग में दिखाई देंगे जिन्हें आप फोटोशॉप में खोल सकते हैं।

3. बीच के भाग में उस फाइल के नाम को क्लिक करके चुनिए। ऐसा करने पर प्राय: उस चित्र फाइल का प्रिव्यू निचे के भाग में दिखाई देता है।

4. Open बटन को क्लिक कीजिए। इससे वह चित्र फोटोशॉप में खुल जाएगी।


## फोटोशॉप में मार्की टूल (Marquee Tools Use)




### Marquee Tool मुख्यत: दो होते हैं


आयताकार मार्की (Rectangular Marquee) तथा इलिप्टीकल मार्की (Elliptical Marquee) जिसे ओवल मार्की भी कहते हैं। जैसा की इनके नामों से स्पष्ट है आप इनकी सहायता से आयताकार और वृताकार (Circle) भाग को सेलेक्ट कर सकते हैं। इस टूल को लेने के बाद ड्रैग करने से सेलेक्ट होता है जो चीटिं की तरह चलती रेखा जैसा दिखेगा।

## How to Work With Lasso Tool in Photoshop





इसके माध्यम से आप किसी भी तरह का सिलेक्शन जैसे किसी फोटो में किसी एक व्यक्ति का चेहरा, गुलदस्ते में से एक फूल या किसी दृश्य में से एक पेड़।

इस प्रकार का सिलेक्शन लासो टूल की सहायता से किया जा सकता है। इसमें आपके हाथ का सधा होना बहुत जरुरी होता है, इसके साथ ही आपका माउस और माउस पैड इतना साफ़ होना चाहीये की वह हाथ की थोड़ी – सी भी हलचल को रिकॉर्ड कर सके।




ऊपर दिया हुआ इमेज Photoshop CS3 का हैं ।


# Description of File Menu




1. **New Ctrl+N** इसके माध्यम से नया पेज लाया जाता हैं।
2. **Open Ctrl+O** बनाये हुए फाइल को ओपन करने के लिए प्रयोग करते हैं।
3. **Brows Shift+Ctrl+O** ब्राउज के माध्यम से Jpg, Png , Bmp इमेज को इन्सर्ट करते हैं।
4. **Open As Alt+Ctrl+O** इसके माध्यम से भी इमेज ला सकते है लेकिन इन दोनों में अंतर यह है की इसमें सभी फॉर्मेट को ओपन कर सकते हैं।
5. **Open Recent** ओपन रीसेंट का प्रयोग हाल ही में बनाये हुए फाइल को ओपन करने के लिए करते हैं।
6. **Close Ctrl+W** खुले हुए इमेज या psd फाइल को बंद करने के लिए प्रयोग करते हैं।
7. **Save Ctrl+S** वर्तमान में बने हुए फाइल को सुरक्षित करने के लिए प्रयोग करते हैं।
8. **Save As Shift+Ctrl+S** इसके माध्यम से वर्तमान में नयी फाइल को पहली बार सेव करने के लिए प्रयोग कर सकते है, और पहले से सेव की हुयी फाइल को किसी अन्य फॉर्मेट और अन्य नाम से सेव कर सकते हैं।
9. **Save For Web Alt+Shift+Ctrl+O** बनाये हुए फाइल को html के रूप में सेव करने के लिए प्रयोग करते है।
10. **Revert** पहले से बानी हुई फाइल को ओपन करने के बाद उसमे कुछ गड़बड़ी हो जाने पर उसे पुनः अपने पुराने अवस्था में लाने के लिए प्रयोग करते हैं।
11. **Place** इसके माध्यम से AI, EPS, PDF, PDP फाइल को लाने के लिए प्रयोग करते है।
12. **Import** इसके माध्यम से भी किसी भी pdf इमेज, एनोटेशन, और किसी भी स्कैनर से ला सकते हैं।
13. **Export** इसके माध्यम से illustrator और zoom व्यू में एक्सपोर्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
14. **Work-group** शेयर करने और सेट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
15. **Automate** ऑटो मेट का प्रयोग एक बार में सभी इमेज को पेज में सेट करने के लिए प्रयोग कर सकते है इसमें आपको एक फोल्डर सेलेक्ट करना होगा एक क्लिक में आपका इमेज एक पेज में सभी इमेज आ जायेगी अगर आपका इमेज अधिक रहेगा तो पेज बढ़ सकता है। इसमें एक बात यह है की आपका इमेज साइज एक ही रहता है।
16. **File Info** वर्तमान में लिए हुए फाइल का इनफार्मेशन देखने के लिए प्रयोग करते हैं।

17. **Page Setup Shift+Ctrl+P** इसका प्रयोग प्रिंट करने से पूर्व आप सेट कर सकते है या बाद में भी कर सकते इसका काम यह है की आप जो भी इमेज बनाये है उसको की पेज पर प्रिंट करना उसी से संबधित सेटअप करने के लिए प्रयोग करते है।
18. **Print with Preview Ctrl+P** प्रिंट से पूर्व देखना की बना हुआ कोई भी इमेज प्रिंट होने पर कैसा दिखेगा।
19. **Print Alt+Ctrl+P** प्रिंट करने के लिए प्रयोग करते है।
20. **Print one Copy Alt+Shift+Ctrl+P** प्रिंट 1 कॉपी से एक कॉपी ही प्रिंट होगा।
21. **Jump to** इसके माध्यम से Image ready पर जाने के लिए प्रयोग करते है।
22. **Exit Ctrl+Q** फोटोशॉप को बंद करने के लिए प्रयोग करते हैं।

## Description of Edit Menu





1. **Undo Ctrl+Z** जब कभी हम कोई इमेज तैयार करते है उस समय अगर कोई गलती हो जाये तो उसे एक स्टेप पीछे करने के लिए प्रयोग करते हैं।
2. **Step Forward (Undo) Shift+Ctrl+Z**करते समय अगर एक स्टेप जयादा पीछे चला जाए तो एक स्टेप फोरवोर्ड करने के लिए प्रयोग करते है।
3. **Step Backward Alt+Ctrl+Z** अगर फॉरवर्ड करते समाया ज्यादा हो जाये तो एक स्टेप पीछे करने के लिए प्रायोप्ग करते हैं।
4. **Fade Shift+Ctrl+F** का प्रयोग बैकग्राऊंड में पेन्सील ब्रस से ड्रा किये हुए लाइन्स को मिक्स करना।
5. **Cut Ctrl+X** इसका प्रयोग आप किसी सेलेक्ट किये हुए फोटो को कट करके क्लिपबोर्ड में रखने के लिए प्रयोग करते है।
6. **Copy Ctrl+C** सेलेक्ट किये हुए फोटो को या किसी भी टूल से सेलेक्ट किये हुए किसी भी हिस्से को कॉपी करने के लिए प्रयोग करते हैं।
7. **Copy Merged Shift+Ctrl+C** इसका प्रयोग हम कई लेयर में लिया हुआ फोटो को एक ही बार में कॉपी करने के लिए प्रयोग करते हैं।
8. **Paste Ctrl+V** कट या कॉपी किये हुए कोई भी ऑब्जेक्ट, फोटो या टेक्स्ट को पेस्ट करने के लिए प्रयोग करते है।
9. **Paste Into Shift+Ctrl+V** इसका प्रयोग हम कॉपी किये हुए इमेज को किसी सिलेक्शन के अंदर पेस्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
10. **Clear** ये भी कट की तरह ही काम करता है लेकिन इसमें आप कॉपी नहीं कर सकते हैं। कट में आपका सेलेक्ट किया हुआ हिस्सा आपके क्लिपबोर्ड में चला जाता है लेकिन क्लियर में ये डिलीट हो जाता हैं।
11. **Spelling Check** इस ऑप्शन को आप भी जानते होंगे अगर नहीं तो पढ़ लीजिये इसका प्रयोग होता है स्पेलिंग चेक करने के लिए जैसे मान लीजिए आप Adobe (Photoshop) Photoshap

लिख रहे है इसमें आप फोटोशॉप में गलती कर दिए o की जगह A कर दिए तो उसे चेक कर सकते है।

12. **Find and Replace text** इसका प्रयोग हम किसी टेक्स्ट को खोजने के लिए प्रयोग करते है तथा इसी में रेप्लस का भी ऑप्शन रहता जिससे आप किसी लिखे हुए टेक्स्ट को बदल सकते है जैसे हम **Rakeshmgs** लिखते है हमको चाहिए की यह **Rakesh Mgs** इस तरह से लिखा रहे तो इसका प्रयोग कर सकते है।
13. **Fill** इसका प्रयोग सेलेक्ट किये हुए पेज या किसी टूल से सेलेक्ट किये हुए हिस्से में रंग, पैटर्न हिस्ट्री ब्लैक 50% ग्रे वाइट भरने के लिए प्रयोग करते है।
14. **Stroke** सेलेक्ट किये हुए हिस्से को आउटलाइन रंग भरने के लिए प्रयोग करते है।
15. **Free Transform Ctrl+T** ट्रांसफॉर्म इसका प्रयोग फोटो को घुमाने और साइज एडजस्ट करने के लिए प्रयोग करते है. इसका प्रयोग अपने अनुसार जैसा चाहिए वैसे हम कर सकते है अगर इसको लेने के लिए आप मेनू में नही जाना चाहते है तो आप इमेज के नज पर राइट क्लिक कर के भी ला सकते है।
16. **Define Brush** सेलेक्ट लिए हुए हिस्से को ब्रश के रूप में रखने के लिए प्रयोग करते है।
17. **Define Pattern** इसका प्रयोग पैटर्न तैयार करने के लिए किया जाता है  जैसे ब्रश वाला ऑप्शन है उसी तरह से ये भी है।
18. **Define Custom Shape** आप इसका प्रयोग शेप तैयार करने के बाद उसे अपने फोटोशॉप में हमेशा के  लिए सेव कर सकते है।
19. **Purge इसमें आप Undo Clipboard History** जैसे  प्रयोग कर सकते है।
20. **Color Setting Shift+Ctrl+K** इसका प्रयोग हम फोटोशोप में अपने अनुसार कलर को रखने के लिए प्रयोग करते है by डिफ़ॉल्ट RGB सेलेक्ट रहता है आप अपने से लैब कलर Cmyk सेलेक्ट कर सकते है।
21. **Preset Manager**  इसका प्रयोग आप अपने ब्रश को सेट करने के लिए कर सकते है।
22. **Preference** इसका प्रयोग अपने हिसाब से आप फोटोशॉप में कस्टमाइज़ करके सेट कर सकते है।

## Description of Image Menu




1. **Mode** इसमें आपको अपने मुताबिक मोड सेलेक्ट कर सकते है, जैसे Gray-scale, RGB, CMYKऔर भी है जिसमे आप कलर मोड 8 बिट और 16 बिट कलर भी सेलेक्ट कर सकते है।
2. **Adjustment** इसके अंदर आपको 18 ऑप्शन मिलेगा जो निम्नलिखित है

    1. **Levels** इमेज का लेवल सेट करने के लिए।
    2. **Auto Levels** यह ऑप्शन अपने आप लेवल सेट कर लेता है।
    3. **Auto Contrast** यह ऑप्शन भी ऑटो लेवल की तरह काम करता है।
    4. **Auto Color** यह अपने आप रंग को घोल करता है ( रंग को और डार्क करता है)
    5. **Curve** इससे आप एडजस्ट कर सकते है रंग, और ब्राइटनेस कंट्रास्ट को।
    6. **Color Balance** इसमें Cyan, Magenta, Yellow इन रंगो को इमेज पर इफ़ेक्ट देने के लिए प्रयोग करते है। जिसमे इमेज में और रंग डार्क करने के लिए प्रयोग करते है।
    7. **Brightness/Contrast** इसमें आप अपने फोटो को ब्राइटनेस और कंट्रास्ट की मदद से फोटो को आकर्षण दे सकते है।
    8. **Hue/Saturation** इसका प्रयोग उस टाइम करते है जब किसी इमेज का रंग हल्का हो या रंग अच्छा नहीं दिख रहा हो तो saturation की मदद से उसमे रंग घोल सकते है। hue से रंग बदल सकते है।
    9. **Deseturate** इसके माध्यम से आप फोटोशॉप में ली गयी कोई भी कलर्ड फोटो का रंग सोखकर ब्लैक एंड व्हाइट कर सकते है।
    10. **Replace Color** इसके अंतर्गत भी आप रंग को घोल और अघोल कर सकते है। इसमें भी Hue Saturation और Lightness का ऑप्शन मिलेगा।
    11. **Selective Color** इसके अंदर भी आपको रंगो के अनुसार घोल करने के लिए मिल जाएगा जिसमे किसी इमेज की रंग अगर हल्का हो तो उसे इसकी मदद से और गाढ़ा कर सकते है।
    12. **Channel Mixer** इसमें आपको RGB रंग मिलेंगे जिसमे आप रंग इमेज को डिफरेंट तरह का बना सकते है इसके अंदर एक Monochrome ऑप्शन है जिसमे आप अपने फोटो को ब्लैक एंड व्हाइट कर सकते है और कितना लाइट चाहिए अपने मुताबिक सेट कर सकते है।
    13. **Gradient Map** इसमें आप अपने इमेज पर ग्रेडिएंट के अनुसार अपने ली हुई फोटो पर इफ़ेक्ट दे सकते है और उसे रिवर्स भी कर सकते है।
    14. **Invert** फोटो को इन्वर्ट करने के लिए प्रयोग करते है आप इसे नेगेटिव भी कह सकते है।

15. **Equalize** इसमें आपके फोटो में कही भी हल्का सा दाग धब्बा होगा तो उसे डार्क करके शो कर देगा।
16. **Threshold** इसमें आपका फोटो ब्लैक & व्हाइट हो जाता है।
17. **Posterize** इसमें आप पोस्टर प्रिंट की भांति अपने इमेज को सेट कर सकते है।
18. **Variations** इसके अंदर आपको कई कॉलम में फोटोस दिखाई देंगी जिसमे दाई ओर लाइटर डारकर का ऑप्शन मिलेगा जिसमे आप अपने इमेज को एडजस्टमेंट कर सकते है।

**3. Duplicate** इसमें आप अपने को डुप्लीकेट करके पुराने फोटो को बचा सकते है। नए यूजर कोई भी इमेज को लेकर एडिटिंग शुरू कर देते है उसके बाद इमेज जब बिगड़ जाता है तो उसे या क्लोज कर देते है या सेव कर देते है इससे क्या होता है की बढ़िया फोटो भी सेव होने के बाद भी नहीं मिलेगा अगर आप कॉपी किये रहेंगे तो आपका नया और पुराना दोनों इमेज सुरक्षित रहेगा।

**4. Apply Image** इसका प्रयोग आप अपने इमेज पर लेयर, चैनल, और ब्लेंडिंग से संबधित ऑप्शन का प्रयोग कर सकते है।

**5. Calculation** उपरोक्त दी हुई जानकारी कैलकुलेशन में भी है लेकिन इसमें इन्वर्ट, और मास्क ऑप्शन बढ़ जाता है।

**6. Image Size** इसके अंतर्गत आपको अपने इमेज की पिक्सेल साइज और डॉक्यूमेंट साइज़ बढ़ाने घटाने का ऑप्शन मिलेगा जिसमे आप अपने मुताबिक इमेज साइज रख सकते है। अगर कोई इमेज कम पिक्सेल का है तो आप उसका रेसोलुशन भी बढ़ा सकते है।


**7. Canvas Size** इसमें आप लिए हुए करंट पेज की साइज देख सकते है।

**8. Rotate Canvas** इसमें आप अपने इमेज को ट्रांसफॉर्म कर सकते है।


**9. Reveal All** इसका प्रयोग हम उस टाइम करते है जब ढेर साडी इमेज एक ही पिक्सेल पर रखा गया हो और उसमे से कुछ पिक्चर ऊपर, निचे, दाएं, बाएं, चला गया हो तो उसे आप रेवेअल आल ऑप्शन से देख सकते है।

**10. Histogram** इसके मदद से इमेज का रंग सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते है।

# Description of Layer Menu




1. **New** इसका प्रयोग तरह तरह के इफ़ेक्ट देने के लिए कर सकते है। इसमें आपको लेयर पेज ट्रांसपेरेंट मिलेगा जिसमे आप इफ़ेक्ट सेट कर सकते है वो भी लेयर के निचे वाले इमेज को बिना कुछ किये ही आप इस लेयर वाले ऑप्शन में जाकर ब्रश से कोई रंग चलाने के बाद ब्लेंडिंग ऑप्शन में जाकर उसे अपने पसंद के अनुसार रख सकते है। जैसे किसी का हेयर स्टाइल में कलर करना हो तो आप कर सकते है।
2. **Duplicate Layer** जरिये आप किसी भी लेयर को डुप्लीकेट कॉपी तैयार कर सकते है।
3. **Delete** इसके जरिये आप किसी भी लेयर को मिटा सकते है।
4. **Layer Properties** इसमें आप अपने लेयर को अलग-अलग रंग में रख सकते है।
5. **Layer Style** इसके अंदर आपको 19 ऑप्शन मिलेंगे। इसका फोटो आप देख सकते है




- **Blending Option** इसकी मदद से सेलेक्ट किये हुए कोई भी पिक्चर जो की लॉक न हो, उसे सेलेक्ट करने के बाद blending option जाकर पिक्चर को ट्रांसपेरेंट, करने तथा पीछे लगे हुए इमेज के अनुसार (Blend) मिश्रण करने के लिए प्रयोग करते है।
- **Drop Shadow** इसकी मदद से सिलेक्ट किए हुए लेयर पर परछाई का इफेक्ट देने के लिए प्रयोग करते हैं, इसके अंदर आप कोई भी कलर सेलेक्ट कर सकते हैं Shadow का, और इसका एंगल भी चेंज किया जा सकता है।
- **Inner Shadow** इसकी मदद से अंदर की तरफ परछाई लगा सकते हैं। ड्रॉप शैडो में बाहर की तरफ परछाई देता है, और इसमें अंदर की ओर इसका प्रयोग अधिकतर क्रॉप किए गए किसी भी इमेज पर लगाने के लिए प्रयोग करते हैं ताकि कटा हुआ पिक्चर का कार्नर मोड़ सकें।
- **Outer Glow** किसी भी इमेज पर चारों तरफ Outer Glow (बाहरी चमक) लगाने के लिए प्रयोग करते हैं अधिकतर काटे हुए इमेज पर इसका प्रयोग किया जाता है। और इसमें आप कोई भी कलर या ग्रेडियंट लगा सकते हैं।
- **Inner Glow** किसी भी इमेज पर चारों तरफ Inner Glow (आंतरिक चमक) लगाने के लिए प्रयोग करते हैं अधिकतर काटे हुए इमेज पर इसका प्रयोग किया जाता है। और इसमें आप कोई भी कलर या ग्रेडियंट लगा सकते हैं।

- **Bevel and Emboss** इसकी मदद से इमेज पर बिवेल तथा Emboss (उभरापन) इफेक्ट लगाने के लिए प्रयोग करते हैं। जिससे इमेज में एक 3D इफ़ेक्ट आता है।
- **Satin** इसके मदद से सेलेक्ट किए हुए लेयर पर पिक्चर के बिच में इफ़ेक्ट लगाने के लिए प्रयोग करते है।
- **Color Overlay** इसके हेल्प से सेलेक्ट किए हुए पिक्चर लेयर को कलर के अनुसार इफ़ेक्ट लगाने के लिए प्रयोग करते है।
- **Gradient Overlay** इसका प्रयोग भी कलर ओवरलेय की तरह होता है। इसमें बैकग्राउंड फोरग्राउंड रंग के अनुसार या प्रीसेट रंग के अनुसार इफ़ेक्ट लगाने के लिए प्रयोग करते है।
- **Pattern Overlay** इसका प्रयोग भी ऊपर दिए गए कलर और ग्रेडिएंट की तरह ही होता है।
- **Stroke** इसका प्रयोग भी आउटर ग्लो की तरह होता है, इसमें भी आप आउट साइड, इन साइड, और सेण्टर का प्रयोग कर सकते है। इसमें आप कलर के साथ-साथ ग्रेडिएंट और पैटर्न का भी प्रयोग कर सकते है।
- **Copy Layer Style** जब किसी भी फोटो के लेयर पर अलग अलग इफ़ेक्ट लगा दिए जाते हैं जैसे ड्रॉप शैडो, इनर शैडो,आउटर ग्लो, इनर ग्लो, बेवल एंड एम्बॉस आदि इन सब का इफ़ेक्ट लगाने के बाद किसी दूसरे लेयर पर भी लगाने के लिए यही इफेक्ट कॉपी लेयर स्टाइल के द्वारा कॉपी कर लिया जाता है।
- **Paste Layer Style** कॉपी किया हुआ हेयर स्टाइल किसी दूसरे लेयर पर पेस्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Paste Layer Style to Linked** जब कई लेयर एक लिंक में (जुड़ा) हो उस अवस्था में पेस्ट करके उसपर इफ़ेक्ट लगाने हेतु प्रयोग करते हैं।
- **Clear Layer Style** लगाए गए लेयर स्टाइल को एक क्लिक में हटाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Global Light** जब कोई लेयर पर ड्रॉप शैडो, इनर शैडो और आउटर ग्लो, इनर ग्लो जैसे इफेक्ट लगाए जाते हैं उसका डायरेक्शन एंगल की मदद से बदलने के लिए ग्लोबल लाइट का प्रयोग करते हैं इसके अंतर्गत आप शैडो इनर शैडो आदि का एंगल बदल सकते हैं।
- **Create Layer** जब ड्रॉप शैडो इनाडु इनर शैडो आउटर ग्लो, इनर ग्लो जैसे इफेक्ट लगाने के बाद क्रिएट लेयर पर क्लिक करने पर उस पिक्चर के ऊपर 1 लेयर क्रिएट हो जाता है।
- **Hide All Effect** पिक्चर पर लगाए गए सभी इफेक्ट को Hide (छिपाने) करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Scale Effects** लगाए गए इफेक्ट को स्केल के माध्यम से बढ़ाने के लिए प्रयोग करते हैं इसमें इसको ओपन करते ही आपको 1 परसेंटेज का ऑप्शन मिलेगा जिस पर क्लिक करके आप उसमें 1 से लेकर के 1000 परसेंट तक इफ़ेक्ट को बढ़ा सकते हैं।

**6. New Fill Layer नया** लेयर लेने के दौरान सॉलिड कलर, ग्रेडिएंट, और पैटर्न लाने के लिए प्रयोग करते है।

**7. New Adjustment Layer** नया लेयर इन्सर्ट करते वक्त ही लेयर एडजस्टमेंट करने के लिए प्रयोग करते है इसके अंदर लेवल, कर्व, सेलेक्टिव कलर इत्यादि जैसे इफ़ेक्ट मौजूद है। जो ऑप्शन इमेज मेनू के एडजस्टमेंट में पहले से मौजूद है।

**8. Change Layer Content** न्यू एडजस्टमेंट लेयर कि मदद से लगाए गए इफेक्ट को चेंज लेयर कंटेंट की मदद से बदलाव किया जाता है।

**9. Layer Content Options** लेयर कंटेंट ऑप्शन की मदद से इफेक्ट को हटाने तथा बढ़ाने के लिए प्रयोग करते हैं।

**10. Type** टेक्स्ट से संबंधित सभी विकल्पों को देखने तथा लगाने के लिए प्रयोग करते हैं टाइप टूल सिलेक्ट करते ही प्रॉपर्टी बार में भी यह ऑप्शन पहले से मौजूद होता है।

**11. Resterize** इसके माध्यम से लिखे हुए टेक्स्ट या पैराग्राफ को Resize करने के लिए प्रयोग करते हैं।

**12. New Layer Based Slice** लेयर के अनुसार स्लाइस लगाने के लिए प्रयोग करते हैं जो लेयर सिलेक्ट रहता है उसी की साइज का स्लाइस इन्सर्ट हो जाता है।

**13. Add Layer Mask** लेयर मास्क लगाने के लिए प्रयोग करते हैं जिसमें Reveal All और Hide All का ऑप्शन मौजूद रहता है। Reveal All लगाने पर मास्क का रंग सफ़ेद हो जाता है वही हाईड आल करने पर  काला हो जाता है तथा लगाने के बाद Add Layer Mask की जगह remove layer Mask विकल्प दिखने लगता है।

**14. Enable Layer Mask /Disable Layer Mask** लगाए गए लेयर मास्क को इनेबल तथा डिसेबल करने के लिए प्रयोग करते हैं।

**15. Add Vector Mask** यह भी बिलकुल लेयर मास्क की तरह ही कार्य करता है लेकिन हाईड आल का रंग ग्रे होता है।

**16. Enable Vector Mask /Disable Vector Mask** लगाए गए वेक्टर मास्क को इनेबल तथा डिसेबल करने के लिए प्रयोग करते हैं।

**17. Group With Previous (Ctrl+G) / Ungroup (Shift+Ctrl+G** ) किसी भी लेयर को ग्रुप करने हेतु ग्रुप विद प्रीवियस विकल्प का प्रयोग करते हैं जिस के उपयोग के पश्चात अनग्रुप ऑप्शन दिखाई देने लगता है।

**18. Arrange** अरेंज विकल्प की मदद से लेयर को ऊपर नीचे करने के लिए प्रयोग करते हैं यहां ऊपर नीचे का अर्थ है ब्रिंग टो फ्रंट, ब्रिंग फॉरवर्ड, सेंड तो बैकवर्ड, सेंड टू बैक जिसमे फ्रंट का मतलब लेयर को सबसे ऊपर करना। बैक का मतलब है पीछे करना।

**19. Align Linked / Distribute Linked** दो या दो से अधिक लिंक लेयर को एलाइन करने के लिए प्रयोग करते हैं जिसमें पिक्चर को लेफ्ट राइट सेण्टर करने के साथ ही  ऊपर निचे से बराबर करने के लिए भी प्रयोग करते है।किसी लेयर को लिंक करने के लिए शिव के साथ पिक्चर को सेलेक्ट करते हैं जिससे पिक्चर सेलेक्ट हो जाता है और लिंक करने के बाद यह ऑप्शन आपको प्रॉपर्टीज बार में भी मिल जाएगा।


**20. Lock all Linked Layers** लिंक किए हुए सभी लेयर को लॉक करने के लिए प्रयोग करते हैं।

**21. Merge Layer Ctrl+E** इसकी मदद से लिंक किए हुए पिक्चर को मर्ज करने के लिए प्रयोग करते हैं।

**22. Merge Visible Shift+Ctrl+E** इसका प्रयोग भी मर्ज करने के लिए ही किया जाता है लेकिन यह सिर्फ दिख रहे लेयर को ही मर्ज करता है यदि लेयर बॉक्स से कोई लेयर हाईड किया गया हो तो वह लेयर मर्ज नहीं होगा।

**23. Flatten Image** यह भी बिलकुल मर्ज विज़िबल की तरह ही कार्य करता है परन्तु इस में जो भी लेयर हाईड होता है लेयर बॉक्स में उसे डिलीट कर देता है। जबकि यह मर्ज विज़िबल में डिलीट नहीं होता बल्कि हाईड ही रह जाता है।


## Description of Select Menu




- **All Ctrl+A** इसकी मदद से किसी भी पिक्चर पिक्सेल को सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Deselect Ctrl+D** सिलेक्शन को हटाने के लिए डिसेलेक्ट का प्रयोग करते हैं।
- **Reselect Shift+Ctrl+D** हटाए गए सिलेक्शन को पुनः सिलेक्शन करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Inverse Shift+Ctrl+I** सिलेक्ट किए हुए पिक्चर के भाग को जस्ट उल्टा सिलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Color Range** कलर रेंज के अनुसार पिक्सेल को सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं इससे एक फायदा यह होता है कि फोटो सिलेक्शन करने में ज्यादा वक्त नहीं लगता और इससे आप अलग-अलग कलर ऐड करके भी सिलेक्शन कर सकते हैं।
- **Feather Alt+Ctrl+D** सेलेक्शन के दौरान कार्नर को फीदर (धुंधलापन) लगाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Modify** यह ऑप्शन सिलेक्ट किए गए लेयर पर ही दिखाई देता है जिसके अंदर आप बॉर्डर (बॉर्डर लगाने के लिए) स्मूथ (स्मूथ करने के लिए ) एक्सपेंड (सेलेक्ट किये हुए सिलेक्शन को बढ़ाने के लिए) कांट्रैक्ट (सेलेक्ट किये हुए सिलेक्शन को घटाने के लिए) का प्रयोग करते हैं।
- **Grow / Similar** इन दोनों की मदद सेलेक्ट किये हुए लेयर को रंग के अनुसार सिलेक्शन को बढ़ाने के लिए प्रयोग करते है।
- **Transform Selection** लेयर के भाग को सेलेक्ट करने के बाद घुमाने के लिए प्रयोग करते हैं।
- **Load Selection / Save Selection** इसकी मदद से लेयर को सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते हैं तथा प्रयोग करने के बाद सेव सिलेक्शन का प्रयोग किया जा सकता है।


# Description of Filter Menu

1. **Last Filter Ctrl+F** लास्ट फिल्टर की मदद से अंतिम बार इस्तेमाल किए गए फिल्टर को देखने तथा दोगुना करने के लिए प्रयोग करते हैं जिसका शॉर्टकट की Ctrl+F है।
2. **Extract Alt+Ctrl+X** इसकी मदद से फोटो के चारों तरफ सिलेक्शन करने के बाद सिलेक्शन के बाहरी हिस्से को मिटाकर ट्रांसपेरेंट बनाने के लिए प्रयोग करते हैं।
3. **Liquify Shift+Ctrl+X** इसका प्रयोग पिक्चर को फैलाने तथा Pixel को रोटेशन देने के लिए प्रयोग करते हैं इसका अधिक प्रयोग आंखों को छोटा था बड़ा करने और किसी हिस्से को टेढ़ा का सीधा करने के लिए प्रयोग करते हैं।
4. **Pattern Maker Alt+Shift+Ctrl+X** पेटर्न मेकर जैसा किसका नाम है उस हिसाब से ही आप समझ गए होंगे इसका कार्य क्या होगा इसका प्रयोग पैटर्न बनाने के लिए करते हैं।




**इसके बाद के सभी ऑप्शन आपको खुद से प्रयोग करने पड़ेंगे ताकि आप सभी ऑप्शन को अच्छे तरीके से समझ सके जिसमें आपको आर्टिस्टिक, ब्लर, ब्रश स्ट्रोक, डिस्टोर्ट, नॉइज़, पिक्सलेट, रेंडर, शार्पन, स्केच, स्टाइलाइज, पिक्चर, वीडियो, अदर, दिगीमार्क ऑप्शन मिल जाएंगे।**

# Description of View Menu




- **व्यू का अर्थ देखना होता है जिसमें आपको व्यू मेनू में सिर्फ देखने से संबंधित सेटिंग करने के लिए विकल्प मिलेगा। जो आप सभी विकल्प देख रहे हैं स्क्रीन पर उसको छिपाने तथा लाने के लिए प्रयोग किया जाता है।**
- **CMYK= Cyan, Magenta, Yellow, Key (Black)**

1. **Proof Setup** पिक्चर के अनुसार प्रूफ सेटिंग करने के लिए प्रयोग करते हैं जिसमें आपको Working CMYK Plate, Working Cyan Plate, Working Magenta Plate, Working Yellow Plate, Working Black Plate, और Working CMY Plate, आदि जैसे ऑप्शंस का प्रयोग करके पिक्चर का कलर चेंज कर सकते हैं।
2. **Proof Colors (Ctrl+Y)** इस्तेमाल किए गए प्रूफ सेटअप को प्रूफ कलर्स की मदद से हटाने के लिए प्रयोग करते हैं।
3. **Gamut Colors** इसकी मदद से गम्मा कलर देखने तथा हटाने के लिए प्रयोग करते हैं।
4. **Zoom In (Ctrl++)** पिक्चर को बड़ा करके देखने के लिए प्रयोग करते हैं।
5. **Zoom Out (Ctrl+-)** पिक्चर को छोटा करके देखने के लिए प्रयोग करते हैं।
6. **Fit On Screen (Ctrl+0)** फिट ऑन स्क्रीन कि मदद से पिक्चर को स्क्रीन के अनुसार फिट करने के लिए प्रयोग करते हैं।
7. **Actual Pixel (Alt+Ctrl+0)** एक्चुअल पिक्सेल देखने के लिए प्रयोग करते हैं।
8. **Print Size** प्रिंट साइज देखने के लिए प्रयोग करते हैं।
9. **Show** इसकी मदद से दिए हुए सो ऑप्शन के अंदर सभी विकल्प को लाने तथा छिपाने के लिए प्रयोग करते हैं जिसमें सिलेक्शन edges टारगेट पाथ, ग्रीड, गाइड्स, स्लाइस, आदि मौजूद है।
10. **Ruler (Ctrl+R)**रूलर को छिपाने तथा लाने के लिए प्रयोग करते हैं।
11. **Snap / Snap to** इन दोनों की मदद से गाइड, ग्रिड, तथा स्लाइस आदि दिखाने तथा छिपाने के लिए प्रयोग करते हैं।
12. **Lock Guides (Shift+Ctrl+;)** की मदद से लिए हुए गाइड को लॉक करने के लिए प्रयोग करते हैं।
13. **Clear Guides** इसकी मदद से लिए हुए गाइड को हटाने के लिए प्रयोग करते हैं।
14. **New Guides** इसकी मदद से नया गाइड लगाने के लिए प्रयोग करते हैं।
15. **Lock Slice** लगाए गए स्लाइस को लॉक करने के लिए प्रयोग करते हैं।

16. **Clear Slice** लगाए गए स्लाइस को मिटाने के लिए प्रयोग करते हैं।

## Description of Window Menu




1. **Documents** इसकी मदद से विंडो को अरेंज करने के लिए प्रयोग करते है। यहाँ अरेंज का मतलब खुले हुए पिक्चर्स को एक साथ देखने तथा उसपे कार्य करना है। साथ ही ओपन किये हुए सभी पिक्चर तथा PSD File को एक साथ क्लोज करने के लिए प्रयोग करते है।
2. **Workspace** वर्क स्पेस का कार्य आपके द्वारा स्क्रीन पर टूल्स को जगह जगह पर रखना और एडजस्ट करना इन सभी को सेव करके रखने के लिए प्रयोग करते हैं ताकि किसी दूसरे फोटो में जो डायलॉग बॉक्स या टूल चाहिए हो उसे सिर्फ एक क्लिक में ले सकें।

**Note बाकी दिए हुए सभी विकल्पों को छिपाने तथा लाने के लिए प्रयोग करते हैं।**

~~END~~